**News & Events**













① डॉ. जी. सुगीलाल, निदेशक, नाभिकीय पुनश्चक्रण वर्ग का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए "भा.प.अ. केंद्र राजभाषा समन्वय समिति" के पदाधिकारीगण। ② डॉ. जी. सुगीलाल, निदेशक, एनआरजी की अध्यक्षता में आयोजित "भा.प.अ. केंद्र राजभाषा समन्वय समिति" की बैठक की कार्यवाही का एक दृश्य। ③ दिनांक 13.03.2026 को आयोजित हिंदी कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागीगण। ④ श्री संतोष झा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कोंकण रेलवे के कर-कमलों से पुरस्कार ग्रहण करते हुए श्री हार्दिक वर्मा, प्रवर श्रेणी लिपिक, भा.प.अ. केंद्र।

भाभा परमाणु अनुसंधान (भा.प.अ.) केंद्र, मुंबई में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के अंतर्गत मार्च-अप्रैल, 2026 के दौरान निम्नवत गतिविधियां आयोजित की गईं :-

**आंतरिक राजभाषा निरीक्षण** - भा.प.अ. केंद्र के विभिन्न प्रभागों/अनुभागों में, राजभाषा का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, दिनांक 10 से 31 मार्च, 2026 तक की अवधि के दौरान आंतरिक राजभाषा निरीक्षण किया गया। इस प्रयोजन हेतु गठित चार (04) आंतरिक राजभाषा निरीक्षण समितियों ने प्रशासन, लेखा एवं सुरक्षा प्रभागों के कुल 67 अनुभागों का सफल निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद, उपर्युक्त समितियों ने अपनी समेकित रिपोर्ट श्री सैयद इरफान अली, उप निदेशक (राजभाषा) के माध्यम से श्री मनोज सिंह, अध्यक्ष, एसआईआरडी एवं अध्यक्ष, आंतरिक राजभाषा निरीक्षण समिति, भा.प.अ. केंद्र को प्रस्तुत की।

**एक-दिवसीय हिंदी कार्यशाला** - दिनांक 13 मार्च, 2026 को भा.प.अ. केंद्र, मुंबई में कार्यरत वैज्ञानिक अधिकारियों के लिए एस.सी.एफ. ऑडिटोरियम, कंप्यूटर प्रभाग में एक-दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भाग लेने वाले 40 वैज्ञानिक अधिकारियों को संघ सरकार की राजभाषा नीति/नियम के अतिरिक्त अभ्यास सहित हिंदी में नोटिंग-ड्राफ्टिंग, कंप्यूटर पर हिंदी टंकण, प.ऊ.वि. की प्रोत्साहन योजना (अटॉलिस) और केंद्रीय कर्मचारियों हेतु आचरण नियमावली आदि विषयों की जानकारी साझा की गई।

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक** - दिनांक 27 मार्च, 2026 को निदेशक, भा.प.अ. केंद्र की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति (OLIC) की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में, जनवरी-मार्च, 2026 की तिमाही के दौरान केंद्र में राजभाषा के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा की गई, कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया और तदनुसार, निर्णय लिए गए।

**भा.प.अ. केंद्र राजभाषा समन्वय समिति की बैठक** - भा.प.अ. केंद्र राजभाषा समन्वय समिति के नव-पदनामित अध्यक्ष डॉ. जी. सुगीलाल, निदेशक, एनआरजी की अध्यक्षता में दिनांक 29.04.2026 को एचआरडी सम्मेलन कक्ष, सी.सी. में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में, समिति द्वारा विगत एक वर्ष के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की गहन समीक्षा और भावी कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा की गई। समिति ने, केंद्र में राजभाषा कार्यान्वयन के उत्तरोत्तर विकास हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

**परमाणु ऊर्जा विभाग (प.ऊ.वि.) राजभाषा प्रोत्साहन योजना (अटॉलिस) के अंतर्गत वित्तीय प्रोत्साहन** - भा.प.अ. केंद्र में, मूल रूप से हिंदी में कार्य करने वाले पदाधिकारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू प.ऊ.वि. राजभाषा प्रोत्साहन योजना (अटॉलिस) के अंतर्गत जनवरी-मार्च, 2026 की तिमाही में कुल 44 पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया गया।

**भा.प.अ. केंद्र के पदाधिकारी को पुरस्कार** - नराकास (बैंक एवं बीमा), बेलगावी के द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस, 2026 के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय हिंदी कविता लेखन प्रतियोगिता में, श्री हार्दिक वर्मा, प्रवर श्रेणी लिपिक, भर्ती-I, भा.प.अ. केंद्र, मुंबई को हिंदी भाषा वर्ग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

**राजभाषा संबंधी विभिन्न रिपोर्टों का प्रेषण** - वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान भा.प.अ. केंद्र में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में हुई प्रगति संबंधी विभिन्न रिपोर्टें गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के वेब-पोर्टल; परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई; परमाणु ऊर्जा विभाग केंद्रीय सचिवालय, नई दिल्ली; नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नवी मुंबई; क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन कार्यालय, मुंबई और हिंदी शिक्षण योजना कार्यालय, मुंबई आदि को प्रेषित की गईं।